सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/27/2020-राभा | दिनांक 09.07.2024

सूचना

विषय : संस्थान की विज्ञान पत्रिका इलेक्ट्रॉनिक दर्पण (वर्ष 2024, अंक 8) के लिए वैज्ञानिक आलेखों शोध पत्रों/ का आमंत्रण – अनुस्मारक।

आपको विदित ही है कि संस्थान की विज्ञान पत्रिका **इलेक्ट्रॉनिक दर्पण (वर्ष 2024, अंक 8)** प्रकाशनाधीन है। इस पत्रिका में प्रकाशन समिति की अनुशंसा एवं निदेशक महोदय के अनुमोदन के उपरांत संस्थान में कार्यरत वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और परियोजना कार्मिकों आदि के वैज्ञानिक आलेख एवं शोध पत्र प्रकाशित किए जाते हैं। **पत्रिका में प्रकाशित लेखों को संस्थान में लागू राजभाषा प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत नकद पुरस्कार भी देय है।**

यह पत्रिका हिंदी लेखन के माध्यम से विज्ञान के व्यापक प्रचार प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पत्रिका के विगत अंक संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड भी कर दिए गए हैं जिन्हें निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है :

https://www.ceeri.res.in/institute-publications/

संस्थान के विज्ञान प्रकाशन में लोकप्रिय विज्ञान के साथ-साथ शोध पत्रों के रूप में संस्थान के शोध कार्यों को भी सम्मिलित किया जाता है। विगत अंकों में हमारे कार्मिकों के आलेखों/शोध पत्रों से यह पत्रिका समृद्ध हुई है। अतः विज्ञान लेखन में रुचि रखने वाले सभी हिंदी प्रेमी सहकर्मियों/परियोजना कार्मिकों/प्रशिक्षणार्थियों से अनुरोध है कि विज्ञान पत्रिका इलेक्ट्रॉनिक दर्पण के आगामी अंक के लिए अपने हिंदी में टंकित या हस्तलिखित वैज्ञानिक आलेख/शोध पत्र उपलब्ध कराएं (शब्द सीमा : 1000 से 2000 शब्द)।

पत्रिका की उत्तरोत्तर समृद्धि एवं इसके नियमित प्रकाशन में सभी सहकर्मियों का सहयोग प्रार्थनीय है।

9/7/2024
(रमेश बौरा)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी एवं
संपादक, इलेक्ट्रॉनिक दर्पण

प्रतिलिपि :

1. निदेशक सचिवालय
2. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
3. सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख – अपने सहकर्मियों/परियोजनाकार्मिकों/प्रशिक्षार्थियों को सूचित/प्रेरित करने के लिए।
4. प्रभारी, एआईटीजी/एन एम सी – वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
5. सूचना पट्ट